मजबूत कानून-व्यवस्था के चलते बढ़ा निवेशकों का भरोसा, असीमित क्षमता वाला राज्य बना यूपी : योगी

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मजबूत कानून-व्यवस्था के चलते उत्तर प्रदेश पर निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। वर्ष 2017 से पहले जिस यूपी को देश के विकास का बाधा माना जाता था, निराशा और हताशा का माहौल था, वही यूपी आज देश के एमएसएमई सेक्टर का महत्वपूर्ण आधार बन चुका है। यूपी अब असीमित क्षमता वाला राज्य बन चुका है।

सीएम योगी ने शनिवार को भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में यूपी पवेलियन के शुभारंभ पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि यह मेला एशिया का सबसे बड़ा व्यापार मेला है। इसमें यूपी के 96 लाख समेत देश के सूक्ष्म लघु और मझोले उद्यमियों को अपने उत्पादों को पूरी दुनिया के सामने प्रदर्शित करने का बेहतरीन मंच मिलता है। ब्यूरो

सीएम योगी ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में यूपी पवेलियन का उद्घाटन किया।

यूपी के उत्पादों को प्रोत्साहन

योगी ने कहा, व्यापार मेले में ओडीओपी के तहत कई जिलों के उत्पाद प्रदर्शित किए जा रहे हैं। मेरठ के खेलकूद के सामान से लेकर बनारस की सिल्क साड़ियां, लखनऊ की चिकनकारी, मुरादाबाद के ब्रास भी इसमें शामिल हैं। यूपी के उत्पादों को पिछले साल से ग्रेटर नोएडा में यूपी अंतरराष्ट्रीय ट्रेड शो के जरिये भी प्रोत्साहित किया जा रहा है।